**खबर संक्षेप**

### पैरामेडिकल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**उमरिया।** विवेकानन्द पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग कालेज में छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ द्वारा विवेकानन्द जयंती मनाई गयी एवं सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय आईटीआई कालेज के प्राचार्य विश्वनाथ वर्मा, संस्था के संचालक जय नारायण पाण्डेय एवं प्राचार्य संतोष पाल, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को विवेकानन्द जी के जीवन शैली से अवतरित किये तथा शारीरिक व्यायम के रूप में सूर्य नमस्कार को लगातार जारी रखने हेतु छात्रों को अभिरूचिकर किये। मुख्य अतिथि के उद्बोधन को स्वारूप मानते हुए संचालक द्वारा विवेकानन्द के विचारों एवं गुणों की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ स्वस्थ्य रहने हेतु व्यायम को अपने जीवन शैली में निर्धारित करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त संस्था के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि एवं संचालक का आभार प्रकट किया गया तथा इस कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप में सम्पन्न कराने में समस्त स्टाफ का अतुल्यनीय योगदान रहा।

### पंडित एसएन शुक्ला विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग ने मनाई विवेकानंद जी की जयंती

**शहडोल।** पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में युग पुरुष, भारतीय संस्कृति के संदेशवाहक, राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद के जयंती 12 जनवरी को समस्त विभागीय स्टाफ एवं छात्राओं की उपस्थिति में मनाई गई। उपरोक्त कार्यक्रम में स्वामी जी के वेदांत दर्शन तथा विश्व धर्म सम्मेलन (शिकागो) में भारतीय सनातन संस्कृति की व्याख्या से संबंधित व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। विवेकानंद की आध्यात्मिक दृष्टिकोण एवं आंतरिक भावना पर अपने विचार रखते हुए ए.एम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. प्रीति नट ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया, वहीं बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र लवकेश चतुर्वेदी ने अपने आलेख के माध्यम से युग पुरुष के संबंध में अपने विचारों को स्पष्ट किया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम.एस. खान द्वारा स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए उन्हें राष्ट्रीयता का जनक बताया। इसी तरह विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नीलेश शर्मा ने उन्हें महान कर्मवादी, बुद्धिवादी एवं विज्ञान वादी निरूपित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजनी सूर्यवंशी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर अपने उद्बोधन दिए, डॉ अनुभव पाण्डेय ने कहा कि स्वामी जी दुर्बलता को पाप मानते थे। कार्यक्रम का विद्धता पूर्ण संचालन डॉ. रमेश प्रसाद द्विवेदी इतिहास विभाग ने किया।

### कन्या माध्यमिक विद्यालय में किया गया सूर्य नमस्कार

**शहडोल।** विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस 12 जनवरी को योग प्रशिक्षक योगाचार्य शिवाकांत शुक्ला के द्वारा कन्या माध्यमिक विद्यालय वार्ड नं.-1 में छात्राओं एवं संस्था के शिक्षकों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम गीत एवं मध्यप्रदेश गान के साथ किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए योग एवं प्राणायाम का महत्व बताया। इसके बाद रेडियो से प्रसारित मुख्यमंत्री का संदेश छात्राओं को सुनवाया गया। योग प्रशिक्षक श्री शुक्ला द्वारा छात्राओं एवं संस्था के शिक्षकों को सूर्य नमस्कार के 12 आसन मंत्रों के साथ एवं उनके महत्व को बताते हुए अभ्यास कराया गया। इसके बाद कपाल भाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अंत में हास्यासन कराया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मी कुमार मिश्रा ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए योग के महत्व को बताया।

# मुख्यमंत्री जी, सरकारी अस्पताल में करा दीजिए मुफ्त इलाज

## ...तो सरकारी अस्पताल को घोषित कर दें वसूली अस्पताल

### विधायक के चालक सहित बैगा और हर किसी से कर रहे वसूली

सूबे के नये मुखिया पहली बार विराट धरा पहुंच रहे हैं, ऐसी स्थिति में दो दशकों से चल रहे रिवाज को तोडने की आस हर कोई लगाये बैठा है, सरकारी अस्पताल से लेकर राजस्व ऐसा विभाग है, जिससे हर परिवार परेशान हैं। भोपाल में घोषणाएं तो हुई, मुख्यमंत्री के अन्य जिलों में आगमन पर कार्यवाहियां भी दिखी, लेकिन शहडोल में यह रिवाज कब बदलेगा, इसकी आस हर किसी को है।

फोटो-12, 13





शहडोल।

बीते करीब तीन दशकों से शहडोल की जनता भाजपा पर विश्वास जताती आई है, कभी स्व. लल्लू सिंह यहां के अभिभावक कहलाते थे, तो उनसे पहले छोटे लाल सरावगी और आरक्षण के बाद सुंदर सिंह और बलि सिंह को भाजपा के निशान पर वोट दिया था, जनता ने कांग्रेस को तो बाहर का रास्ता दिखा दिया, लेकिन पार्टी के मुखिया और राजधानी से निकला फरमान आदिवासी जिले में आते-आते खुद ही खो जाता है। लगभग 3 दशकों से जनता हर परिस्थितियों में भाजपा पर भरोसा दिखाती रही, दो दशकों से लगातार मूलभूत और मौलिक सुविधाओं में कमी होती नजर आई। बावजूद इसके जनता ने रिवाज नहीं बदला और सरकार का स्वभाव अब दो दशकों बाद जब बदला है और सूबे के नये मुखिया पहली बार विराट धरा पहुंच रहे हैं तो, आम जनता की आस उनसे कहीं और बढ़ी हुई नजर आ रही है। जिला चिकित्सालय की बदहाली, तहसील और अनुविभागीय कार्यालयों में राजस्व के मामूली मामलों में लाखों की रिश्वत और सरकारी जमीनों पर माफिया का कब्जा ऐसे कई मामले हैं, जो सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं। सूबे के मुखिया जब विराट धरा आ ही रहे हैं, ऐसे में रिवाजों को बदलने की भी आस लगी हुई है।

### मुफ्त इलाज बना सपना

प्रदेश और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य को लेकर भले ही कितनी ही फिक्रमंद क्यों न हो, शहडोल में भाजपा सरकार ने मेडिकल कॉलेज की भी सौगात दी, लेकिन जिला चिकित्सालय को लगा ग्रहण और मुख्यालय के इस अस्पताल में मुफ्त का इलाज अब सपना बन चुका है। बीते महज 10 दिनों के भीतर तीन ऐसे मामले सामने आये, जिसमें मरीजों से इलाज के नाम पर डॉक्टरों ने मोटी रकम वसूली। हद तो तब हो गई जब 6 बार के विधायक और सरकार में मंत्री रहे जयसिंह मरावी के चालक से जिला चिकित्सालय में इलाज के नाम पर रूपये ले लिए गये और शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई। इन स्थितियों में आम आदमी सरकारी अस्पताल में मुफ्त के इलाज की कल्पना कैसे कर सकता है। आयुष्मान कार्ड को लेकर देश के प्रधानमंत्री ने लालपुर हवाई अड्डे से बीते माहों में आगमन के दौरान मोदी की गारंटी का दावा किया था, लेकिन कार्ड तो दूर सामान्य इलाज और ऑपरेशन के लिए पूर्व से चली आ रही व्यवस्थाएं भी अब शुल्क मांगने लगी हैं।

### जनप्रतिनिधि क्या तोड़ेगे मौन

वर्तमान में जैतपुर के विधायक और इससे पूर्व भी पांच बार विधायक व मंत्री रह चुके जयसिंह मरावी के साथ जब इलाज के नाम पर सरकारी अस्पताल में डॉक्टर उनके कारिंदों से खुली वसूली कर रहे हैं और शिकायत के बाद भी सप्ताह भर में कोई कार्यवाही नहीं हुई, ऐसी स्थिति में यह मामला जिला प्रशासन यहीं दफन कर देगा या फिर लाखों मतदाताओं की आवाज बनकर जयसिंह गया भाजपा की जिला इकाई मुख्यमंत्री तक यह मामला पहुंचाएगी। जिले के मुखिया तो किरकिरी से बचने के लिए मामले को शायद ही सूबे के मुखिया तक पहुंचने दें, लेकिन इस पूरे मामले में फेल हो रही मोदी की गारंटी कहीं न कहीं भाजपा की साख और नौकरशाहों पर सत्ता की पकड़ जरूर ढीली कर देगी।

### फाईलो से लदा राजस्व कार्यालय

शहडोल मुख्यालय के साथ ही जिले की पांचों तहसीलों और अनुविभागीय कार्यालयों में कमोवेश यही स्थिति बनी हुई है, यहां मामूली से कार्यो के लिए फाईल एक से डेढ़ साल तक अटके रहना अब आम हो चला है। पांचवी बार सरकार बनने के बाद राजस्व महकमें में फैली अव्यवस्थाओं को ठीक करने और एक ही दिन में रजिस्ट्री के साथ नामांतरण की प्रक्रिया संपन्न कराने की घोषणा की गई थी, यह घोषणा 1 जनवरी से पूरे प्रदेश में फलीभूत होनी थी, अन्य जिलों की खबर तो नहीं, लेकिन शहडोल में अभी भी यह घोषणा एक दिवास्वप्र ही है। तहसील कार्यालय से लेकर मुख्यालय के एसडीएम कार्यालय तक में अन्य विभागों के कर्मचारी संलग्रीकरण होकर बाबू बने बैठे हैं, जबकि पूरे प्रदेश में यह व्यवस्था बीती सरकार के समय ही समाप्त हो चुकी थी।

### करोड़ों की सरकारी जमीन आज भी अधर में

संभागीय मुख्यालय बनने के साथ ही शहडोल की जमीनों के दाम फर्श से अर्श तक पहुंच गये, मुख्यालय में स्थित मोहनराम मंदिर ट्रस्ट की करोड़ों की भूमि का मामला हो या फिर 365 तालाब लील कर उनके इर्द-गिर्द फैले अवैध मकानों के निर्माण का मामला हो, मुख्यालय के दर्जनों वार्डो में नजूल की भूमि पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है, नगर पालिका में बैठे कांग्रेस के अध्यक्ष ने पालिका में निजी राजस्व निरीक्षक की नियुक्ति कर दी है, जो ठेके पर वार्डो में अवैध अनुमतियां बांट रहा है। इसी क्रम में मुख्यालय के पटेल नगर में अवैध रूप से बन रही भगवती डेव्लपर्स की कालोनी महज एक बानगी ही है। शहर से सटे ग्रामों में भी लगातार कृषि भूमि काटकर प्लाट बिक रहे हैं, इनकी सूची अनुविभागीय कार्यालय में मौजूद होने के बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे हैं।

# हादसे में हुई थी कारोबारी इकबाल की मौत

## पुलिस ने हादसे में शामिल क्रेटा वाहन को यूपी से दबोचा




उमरिया।

मंसूरी पेट्रोल पंप में बीते फरवरी माह में रामपुरी निवासी इकबाल अली उर्फ झम्मू पिता इम्तियाज अली उम्र 60 वर्ष का क्षत-विक्षत अवस्था में हाइवे के बगल से शव मिला था, जिसके बाद से ही मौत के कारणों पर सवाल बना रहा। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पूरे मामले का पटाक्षेप करते हुए ये साफ किया है कि यह कोई साज़िश नहीं थी बल्कि सड़क दुर्घटना रही है, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी इकबाल अली की मृत्यु हुई थी। इस मामले में पुलिस ने चालक सहित काली क्रेटा वाहन को यूपी के मुरादाबाद जिले से जप्त कर लिया है। बताया जाता है कि घटना दिनांक यानी 22 फरवरी 2023 के दिन आरोपी चालक किसी व्यवसायिक काम से चंदिया आया हुआ था, बाद में हाइवे मार्ग से शहडोल की ओर जा रहा था, इसी बीच रात करीब 9:34 पर लोरहा-भरौला के बीच मंसूरी पेट्रोल पंप के पास हाइवे पर सड़क पार करते समय इकबाल अली हादसे का शिकार हो गए थे, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना कारित कर आरोपी चालक हाइवे मार्ग से कछरवार मार्ग गया और फिर वहां से वापस होकर घटना स्थल आया, पर मौके पर भीड़-भाड़ देखा, जिसके बाद वापस कटनी चला गया। इस मामले में अमर बहादुर सिंह, रोशन सिंह, शशांक सिंह, माधव सिंह, कृष्णा, नरबद पेन्द्रों, शशिर त्रिपाठी, राजेन्द्र चंदेल, मोनी गुप्ता सहित कोतवाली पुलिस की महती भूमिका रही है, जिस वजह से मामले का खुलासा हुआ है।

नगर के हाई प्रोफाइल मामले की वजह से घटना के बाद से ही पुलिस एक्टिव मोड पर थी, पुलिस इन्वेस्टिगेशन के दौरान हाइवे के बगल लगे अधिकांश सीसीटीवी फुटेज घटना के बाद खंगाले गए थे, इसके अलावा सीमावर्ती टोल नाकाओ के फुटेज एकत्रित किये गए, पर कही भी पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही थी, पुलिस इस मामले को दुर्घटना तो बता रही थी, पर दुर्घटना से जुड़े कोई भी सुबूत नहीं मिल रहे थे, बाद में पीएसटीएन यानी क्राइम सीन का डंप डाटा एकत्रित किया गया और इसी डंप डाटा से आरोपी चालक की गिरफ्तारी और हादसे में शामिल क्रेटा वाहन को जप्त करने में पुलिस को कामयाबी मिल सकी है। इस मामले में चौकी प्रभारी अमर बहादुर ने बताया कि एसपी के निर्देशन एवं एसडीओपी एवं थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, इसके अलावा हादसे में शामिल वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।



# मुख्यमंत्री का एक दिवसीय नगर आगमन आज

### हितग्राहियों को राशि का करेंगे वितरण, अन्य कार्यक्रम में होंगे शामिल

शहडोल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहली बार नगर आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली है। 13 जनवरी को शहडोल आ रहे हैं। वे यहां पर बैगा आहार अनुदान वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिंगल क्लीक के माध्यम से राशि का वितरण करेंगे। यहां वह नव निर्मित स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद वह विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। विश्वविद्यालय से निकलकर वह अंबेडकर चौक पहुंचेंगे, अंबेडकर चौक से पॉलिटेक्निक ग्राउंड तक निकाली जाने वाली आभार यात्रा में शामिल होंगे, इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव कई विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे, सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली है। सीएम के सुरक्षा को लेकर 01 हजार पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को नगर के दौरे पर होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। शहडोल पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले पं. एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय पहुंचेगे। यहां वह नव निर्मित स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। विश्वविद्यालय से निकलकर वह अंबेडकर चौक पहुंचेंगे। अंबेडकर चौक से पॉलिटेक्निक ग्राउंड तक निकाली जाने वाली आभार यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कई विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे। इसके अलावा बैगा आहार अनुदान योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण करेंगे तथा बाद में आमसभा को संबोधित करने के बाद सर्किट हाउस रवाना हो जाएंगे। वह संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। विकास कार्यों के साथ ही कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही है। सीएम के सुरक्षा को लेकर 01 हजार पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए है।



### प्यार के जाल में युवती को फंसाकर किया दुरचार

**शहडोल।** जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम युवक ने हिंदू लड़की के साथ पहले प्यार का नाटक किया, उसके बाद वह उसे बहला-फुसला कर उसके दोस्ती की नाजायज फायदा उठा कर युवती के साथ दुरचार कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाता रहा, युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने मामले की शिकायत थाने में की है। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिटी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बस्ती के रहने वाले 25 वर्षीय मिराज अहमद नामक युवक ने एक दीगर जाति की लड़की से पहले दोस्ती की फिर उसके दोस्ती का नाजायज फायदा उठाते हुए उसके साथ दुरचार किया और उस युवती की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर उसके साथ दुरचार करता रहा, इतना ही नहीं वह युवती को यह धमकी देता रहा किं यदि तुम मेरा साथ छोड़ी और शादी कर ली तो वह उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर देगा, युवक के प्रताड़ना से तंग आक़र युवती ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने दुरचार कर अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देने वाले मिराज अहमद के खिलाफ धारा 376,2एन, 506 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उसे जेल के दाखिल कर दिया है।

# मुख्यमंत्री ने आने से पहले पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही

## तीन कार्यवाही में जप्त किये रेत-कोयला सहित वाहन

शहडोल।

सीएम के मुख्यालय आने की खबर लगते ही जिले में चल रहे अवैध कार्यो पर शहडोल पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र में रेत के अवैध कार्य का निरीक्षण करने गए पटवारी की हत्या के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था, जिस पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 03 हाइवा रेत व वाहन जप्त कर 11 लोगो कें खिलाफ़ कार्यवाही की है। इसी प्रकार अमलाई पुलिस ने भी कोयला लेकर जा रहे दो ट्रक को कोयला जप्त कर कार्यवाही की है। तो वहीं सोहगपुर पुलिस ने भी एक ट्रेक्टर रेत जप्त कर दो के खिलाफ कार्यवाही की है। तीनो कार्यवाही में जप्त रेत कोयला व वाहनो की अनुमानित कीमत करोडो में आंकी गई है।

प्रदेश में मोहन सरकार के आने के बाद पहली बार सीएम के नगर आगमन के पहले संभाग की पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। जिले के देवलोंद पुलिस ने थाना क्षेत्र के साथनी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते 3 हाइवा अवैध रेत व एक ट्रैक्टर सहित एक स्कार्पियो जप्त कर 11 लोगो के खिलाफ कार्यवाही की है। 10 आरोपियो को गिरफ्तार किया ,जबकि एक फरार है। अभी हाल में ही देवलोन्द थाना क्षेत्र के गोपालपुर में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन कर परिवहन का निरीक्षण करने गए एक पटवारी को रेत माफियाओं ने ट्रेक्टर से कुचल कर हत्या कर दी थी, इसके बावजूद क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार रुकने का नाम नही ले रहा था।





इसी प्रकार अमलाई थाना क्षेत्र के रामपुर कोयला खदान से कोयला लेकर रायपुर जाने की बजाय कोयला से लदा ट्रक कटनी की ओर जा रहा था, जिस पर अमलाई पुलिस ने कोयले लदा दो ट्रक जप्त कर ट्रक चालकों के विरुद्ध कर्यवाही की है। इसी प्रकार सोहापुर पुलिस ने भी रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर ट्रेक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध कार्यवाही किया है। एक्शन मूड में आई पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वही इस पूरे मामले में एडिशनल एसपी अंजूलता पटेल का कहना है कि समय-समय पर इस तरह की कार्यवाही की जाती है। सूचना मिलने पर देवलोंद पुलिस ने 3 रेत से लदे हाइवा ट्रेक्टर व एक स्कार्पियो जप्त कर 07 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार अमलाई में भी दो कोयले की गाड़ी जप्त कर दो लोगो के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

# कोयलांचल में जुआरियों की पौ-बारह

## स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से फल फूल रहा अवैध कारोबार

### पुलिस कप्तान से कार्यवाही की आस

कोतमा।

कोयलांचल सहित भालूमाड़ा कोतमा थाना क्षेत्र में जुआरी सक्रिय हो गए हैं। नगर सहित हर गांवों में जुआरियों का कारोबार शुरू हो चुका है। धन दुगुना करने यानी जुआं में दांव लगाने वालों की संख्या नगर सहित गांवों में कई ठिकानों पर खुलेआम देखी जा रही है।



सूत्रों की माने तो ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने की बजाए पुलिस उल्टे सेटिंग में लगी हुई है। भालूमाड़ा कोतमा थाना क्षेत्र के नगर सहित गांवों में लाखों का जुआ हो रहा है। जुआ खिलाने वालों का गैंग पूरी तरह से कमर कसकर तैयार हो चुका है। सूत्रों की माने तो जुआ खिलाने वाले गैंग पुलिस से सेटिंग कर महीना बंधाने का संपर्क भी कर चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ से पहुंच रहे जुआरी

कोयलांचल के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के दूआरी बाबा पाली गांव के पहाड़ में एवं बदरा पेट्रोल पंप के पास गौशाला में श्रमिक नगर के साथी जुआ माफिया एवं रोजगार सहायक एवं कई कर्मचारीत्तथा कोतमा नगर का साथी जुआ माफिया की जोड़ी के द्वारा लाखों का जुआ खिलवाया जा रहा है। कोयलांचल क्षेत्र में जहां जहां फड़ संचालित होता है वहां बड़ी संख्या में दांव लगाने युवा पहुंचते हैं। कोयलांचल के फड़ में मनेंद्रगढ़, केल्हारी, कोतमा और अन्य जगह के जुआरी बाइक और चार पहिया वाहन में पहुंचते हैं। बाइक वाले जुआरी तो अपनी बाइक सीधे मौके पर ले जाते हैं। फोर व्हीलर वाले जुआरियों को जंगल के पास छोड़कर वाहन वापस लौट जाता है।

### मोबाइल के इशारे पर पूरा काम

विश्वस्त सूत्रों की माने तो जंगल के मुहाने से लेकर मौके तक तकरीबन आधा दर्जन वॉच मेन तैनात रहते हैं जो जुआ खेलाने वाले को मोबाइल पर लाइव सूचना करते है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के जंगल में घुसने की ताजा जानकारी जुआ संचालक को मोबाइल पर उपलब्ध हो जाती है। दिलचस्प बात यह है कि वॉचमेन अपने हर जुआरी ग्राहकों को पहचानता है। बिना पहचान का व्यक्ति जंगल के अंदर घुसते ही जुआरी तितर बितर हो जाते हैं।

### खाने पीने सहित तमाम सुविधा

नगर के एक चर्चित जुआरी ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि जुआ अड्डे में जुआरियों के लिए सारी व्यवस्थाएं रहती हैं। नानवेज खाने वाले को मटन, चिकन भी मौके पर ही उपलब्ध कराया जाता है। भोजन के बदले जुआरियों को कीमत अदा करनी पड़ती है। मौके पर गुटखा, पाउच और शराब भी उपलब्ध होता है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो जुआरी अगर मौके पर जुआ में पैसे हार जाता है तो उसे साहूकार ब्याज में पैसे भी उपलब्ध करा देता है। बताया जाता है कि जुआरी को 10 प्रतिशत प्रति दिन के हिसाब से यहां ब्याज पर पैसा मिलता है। साहूकार अपने परिचित को बिना किसी सामान के पैसे उपलब्ध करा देता है, लेकिन अपरिचित को वाहन या अन्य सामान गिरवी रखना पड़ता है।

### दोबारा सक्रिय हुआ माफिया

अभी कुछ दिनों पूर्व भालूमाडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे जुए के वीडियो पर श्रमिक नगर के जुआ माफिया से साठ गांठ करते हुए दिखावे के लिए जुआ की कार्रवाई की थी, लेकिन फिर से यह जुआ माफिया सक्रिय हो गया और खुलेआम जुआ खिलाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी थाना प्रभारी को ना हो लेकिन सब सेटिंग का खेल चल रहा है वही कोतमा थाना अंतर्गत नगर के पुरानी बस्ती पीपल चौक के पास एवं वार्ड क्रमांक 1 भट्टी टोला एवं दफाई टोला में रात्रि में खुलेआम जारी की भीड़ देखी जा सकती है दो दिन पूर्व मोहल्ले के ही संभ्रात व्यक्ति के द्वारा कोतमा थाना प्रभारी को फोन पर जुआ होने की सूचना भी दी और यह भी बताया कि जुआ माफिया के द्वारा रात भर जुआ खिलाया जाता है और गाली गलौज भी की जाती है जिससे मोहल्ले वालों का जीना हराम है। लोगों ने संभाग के पुलिस महानिदेशक डीसी सागर से जुआ के फलों में छापा मार कार्यवाही करवाने एवं भालूमाडा एवं कोतमा थाना प्रभारी को यहां से हटकर अन्यत्र भेजने की मांग की है। नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब से दोनों थानों में यह थाना प्रभारी ने प्रभार लिया है तब से अपराध का ग्राफ बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**उमरिया।** एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित गडरिया टोला एवं अमरपुर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से धान की खरीदी, किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग, प्राप्त बारदानों में से उपयोग किए गए बारदानों की संख्या, बारदानों की क्वालिटी, धान के परिवहन, भुगतान, आदि के संबंध मे जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र तक आने वाले किसानों को खरीदी के समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। केंद्र तक आने वाली धान की क्वालिटी का परीक्षण किया जाए। धान की तुलाई निर्धारित मात्रा के अनुसार की जाए।

### 5 जनवरी तक निकायों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 12 जनवरी युवा दिवस एवं 15 जनवरी मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के संपादन के निर्देश दिए गए है। अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने बताया कि निकायो में 15 जनवरी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 13 जनवरी को स्वरोजगार अंतर्गत आवेदको, हितग्राहियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओ को वित्तीय साक्षरता हेतु बैकों के माध्यम से शिविरों का आयोजन, 14 जनवरी को पारंपरिक उत्सव एवं विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत खिलाड़ियो, शिल्पकारों, कारीगारो एवं महिलाओ का सम्मान कार्यक्रम तथा 15 जनवरी को युवाओ की भागीदारी से स्वच्छता एवं पर्यावरण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा ।

### जनसेवा मित्रों के लिए हुई एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला



**उमरिया।** डाइट परिसर में सीएम फैलो सुश्री रूपल जैन के नेतृत्व में जिले के मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों हेतु एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उन्हें सामाजिक विकास क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही रिज्यूम राइटिंग, मॉक इंटरव्यू प्रैक्टिस, टीम बिल्डिंग गतिविधियों के माध्यम से उनके क्षमता संवर्धन सत्र आयोजित किए गए। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र, मध्यप्रदेश शासन की युवाओं हेतु चलाई जाने वाली एक अभिनव इंटर्नशिप योजना है जिसमें प्रत्येक ब्लॉक में स्नातक युवाओं की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने हेतु भर्ती की गई है। जिले में वर्तमान में 90 जनसेवा मित्रों की नियुक्ति की गई है जिन्होंने लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम इत्यादि में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।

### पीला चावल देकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का दे रहे निमंत्रण

**कोतमा।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अभियान समिति से जुड़े राम भक्त नगर के प्रत्येक घर में जाकर अयोध्या से आए पीले चावल देकर नागरिकों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। इस कार्य में राम भक्त महिलाएं नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला मोहल्ले में बूढी माता मंदिर से निकालकर कॉलोनी में प्रत्येक घर जाकर सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का न्योता दिया। जिसमें राम भक्त महिलाएं आमंत्रण के लिए गए सभी ने टीका लगाकर स्वागत किया।



# ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का हुआ आयोजन

उमरिया।

जिले की मानपुर जनपद पंचायत की कठार, कछौहा करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महिमार, रहठा, बेलसरा तथा पाली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ओदरी, दुलहरी में शिविर आयोजित किया गया।

जिले की तीन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में 5588 ग्रामीण जन शामिल हुए। शिविर के दौरान 554 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, 243 लोगों की टीबी की जांच तथा 211 लोगों का सिकल सेल का परीक्षण किया गया। शिविर में 05 स्व सहायता समूहों के व्दारा अपनी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। प्राकृतिक खेती करने वाले 04 किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत 11 हितग्राहियों ने अपने स्वरोजगार की गतिविधियों की जानकारी दी। धरती करे पुकार के तहत 7 कार्यक्रम आयोजित किये गये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, उज्जवला योजना, जन जातीय कार्य विभाग, आयुष विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, उद्योग विभाग एवं स्टेट बैंक द्वारा बीमा योजना से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं योजनाओ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग व्दारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय में युवा दिवस का आयोजन संपन्न

कोतमा।



विषय-युवा दिवस-स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सयुंक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ विनय कुमार सोनवानी के अध्यक्ष्यता एवं जनभागीदारी अध्यक्ष हनुमान गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। युवा दिवस-स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं स्वामी विवेकानंद के करकमलो में माल्यार्पण प्रस्तुत करके किया इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रो द्वारा लक्ष्य गीत सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया । छात्रो द्वारा प्रेरक गीत एवं अपने विचार सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गए। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्रो.बोस्को लकड़ा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकश डालते हुए उनके स्वर्णिम उपदेश उठो, जागो, तब तक नहीं रुको जब तक की लक्ष्य की प्राप्ति न हो सके के साथ सभी को प्रेरित किया इसके साथ प्राचार्य डॉ.विनय कुमार सोनवानी द्वारा स्वामी विवेकानंद के शिकागो सम्मलेन पर अपने विचार सभी के समक्ष प्रस्तुत किये। जनभागीदारी अध्यक्ष हनुमान गर्ग द्वारा स्वामी विवेकानंद के सम्पूर्ण जीवन काल प्रेरणादायी है एवं उन्होंने संस्कृति एवं धर्म का सदैव ही आदर एव सम्मान किया साथ पुरे विश्व में भारत की संस्कृति एवं धर्म को परिचित कराया। युवा दिवस-स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन कार्यक्रम में मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के प्रभारी प्रो.राकेश कुमार पवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्तिथ रहे। लगभग 150 छात्र-छात्राओ ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता दी।

# जो व्यक्ति अपने आप पर भरोसा करता है उसकी मदद ईश्वर भी करते हैं : कलेक्टर







### राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन

उमरिया।

जिले में स्वामी विवेकानन्द की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम प्रात: 9 से 9:45 बजे तक ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से एक साथ एक संकेत पर प्रसारित किया गया।

जिला मुख्यालय उमरिया में अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती 12 जनवरी युवा दिवस पर प्रदेश में सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का सामूहिक अभ्यास प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं स्वामी विवेकानन्द के चरणों में नमन करता हूँ।

### शरीर को सशक्त बनाने का माध्यम योग

कलेक्टर ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द एक ऐसी प्रेरणा थे, जिनके विचार आज भी हम सबको ऊर्जा से भर देते हैं। जो व्यक्ति अपने आप पर भरोसा करता है, उसकी मदद ईश्वर भी करता है। प्रत्येक नागरिक को शरीर और मन से स्वस्थ होना चाहिये। शरीर को सशक्त बनाने का सबसे सशक्त माध्यम योग है। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करके योग के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वामी विवेकानन्द के बताये मार्ग पर चलना होगा। सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को अपनाना होगा और स्वयं को समाज और देश के लिये कार्य करने के बड़े लक्ष्य से जोड़ना होगा।

### दिनचर्या में शामिल करें योग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि योग हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग से जहां एक ओर स्वास्थ्य ठीक रहता है, वहीं शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। योग से कई प्रकार की बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। सूर्य नमस्कार में योग के सभी आसनों का समावेश होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन करके किया गया। उसके बाद स्वामी विवेकानन्द जी के विश्व प्रसिद्ध शिकागो उद्बोधन एवं मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह गहलोत द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, जिला प्रमुख अधिकारी, गायत्री परिवार, ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शांति मार्ग उमरिया, वैश्य महा सम्मेलन, पत्रकार, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहकर योग किया।



# एसडीएम पाली ने बालक आश्रम का किया औचक निरीक्षण

उमरिया।

कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य व्दारा जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों का संचालन बेहतर करने हेतु दिये गये निर्देश के पालन में एस डीएम पाली टी. आर. नाग तथा बीईओ राणा सिंह व्दारा बालक आश्रम पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। 100 सीटर आश्रम में 92 विद्यार्थी दर्ज हैं। निरीक्षण के समय 89 बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों ने नाश्ता एवं भोजन नियमित रूप से मिल रहा है। स्कूल में 03 शिक्षक तथा हास्टल वार्डन पदस्थ है, जो उपस्थित पाये गये, एसडीएम ने कक्षाओं में जाकर शिक्षण का स्तर जानने हेतु प्रश्न किये गए जिनका उत्तर उन्होंने दिया, टायलेट तथा बाथरूम का निरीक्षण किया गया जो साफ पाये गये। वार्डन ने बताया कि पूर्व में यह आश्रम 50 सीटर तथा प्राथमिक शाला संचालित था, अब इसका उन्नयन कर मिडिल स्कूल बना दिया गया है तथा 100 सीटर कर दिया है, अब भवन की कमी महसूस की जा रही है।

## केंद्रीय विद्यालय के प्रबंध कारिणी की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

**उमरिया।** केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध कारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक विज्ञान आधारित गतिविधियां तथा एनसीसी स्काउट को बढ़ावा दिया जाए। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाए। शीघ्र ही विद्यालय में कक्षा 11 वीं एवं 12वीं की कक्षाएं संचालित करने हेतु प्रस्ताव भेजे जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के भवन निर्माण हेतु जमीन आवंटित की जा रही है। भूमि आवंटन का आवेदन प्राचार्य द्वारा शीघ्र कर लिया जाए। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों सहित समस्त गतिविधियों की समीक्षा की गई। विद्यालय की प्राचार्य इक्का ने बताया कि गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं प्रदीप कुमार गहलोत, सीएमएचओ डॉ. मेहरा, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण जी. एस. गायकवाड़, विद्युत मंडल सहित पालक शिक्षक संघ के सदस्य सुशील मिश्रा, मीनाक्षी इंगले एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय एवं आईटीआई कॉलेज में आयोजित हुआ शिविर

**रीवा।** शिविर में आर टी ओ रीवा के साथ पॉलीटेक्निक कॉलेज से प्राचार्य निशा पांडेय प्रोफ़ेसर भावना पांडेय जी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्राचार्य श्री सिद्धनाथ मिश्रा और विपुल पांडेय उपस्थित रहे।शिविर में आर टी ओ रीवा के द्वारा घर बैठे लाइसेंस कैसे बनाया जाता है इसके संबंध में बताया और उपस्थित सभी बच्चों को पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया समझाई और सभी बच्चों से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस भी दी साथ हो बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक पर https://sarathi.parivahan.gov.in/sarathiservice/stateSelection.do आवेदन करना है और जो जानकारिया मागी ज़ाय उसे भरकर आगे बढ़े आधार से लिंक मोबाइल का होना अनिवार्य है क्योंकि आपका ओ टी पी इसी आधार लिंक मोबाइल पर ही आएगा। दिनांक 13/01/2024 को मउगंज और हनुमना में शिविर लगाया जायेगा

### सावी मदर विद्यालय में कराया गया सूर्य नमस्कार

**रीवा।** आजाद नगर स्थित सावी मदर स्कूल में सूर्य नमस्कार एवं प्रतिदिन की तरह योगाभ्यास भी कराया गया अनुलोम विलोम, कपालभाति सहित कई आसनों का अभ्यास किया गया जिसमें का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के शिक्षक सहित बच्चों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुजय सिंह ने छात्रों को बताया कि सूर्य तेजस्वी एवं ऊर्जस्वी होता है हमारे युवा पीढ़ी सूर्य की तरह तेज संपन्न ऊर्जावान होकर सकारात्मक दिशा में सतत लगी रहे साथ ही इंग्लिश क्विज कंपटीशन में पहले राउंड कक्षा नवमी ने दसवीं को हराया एवं कक्षा 11वीं ने 12वीं को हराने के बाद कक्षा 9वीं एवं ग्यारहवीं तीन दिवसीय सेमीफाइनल राउंड में पहुंचे एवं कक्षा 11वीं के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन करने का उत्साह देखने को मिला एवं कक्षा ग्यारहवीं के विजेता प्रतिभागी छात्रा - छात्र श्रद्धा मिश्रा शुभम कुशवाहा अर्पित पटेल प्राजंलि वर्मा रितिका सिंह परिहार अभिषेक त्रिपाठी, यशस्वी , शिवांगी ताम्रकार , दीपक साहू ,स्तुति पांडे, सूर्यांश शुक्ला ,कृष्णा अग्रवाल, शिवांशु पाठक , सेजल पटेल, परीक्षित सिंह को कैश प्राइज देकर उन्हें विद्यालय के संस्थापक द्वारा सम्मानित किया गया !

### उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने माँ कालिका का पूजन-अर्चन किया

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रानीतालाब स्थित माँ कालिका मंदिर में विधि विधान से माता का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन भी किया। इस दौरान उन्होंने कन्या पूजन किया तथा रीवा एवं प्रदेश की सुख समृद्धि के लिये माँ कालिका से आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

### साहित्यकार भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र के निधन पर शोक संवेदना

**मऊगंज।** पीयूष साहित्यिक एवं संस्कृत संस्थान मऊगंज के प्रतिभाशाली सदस्य के असमायिक निधन पर संस्थान द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। श्री मिश्र एक अच्छे साहित्यकार के साथ-साथ कुशल प्रशासक एवं स्पष्ट वक्ता भी थे। संस्था के अध्यक्ष डी एन सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उनके परिवार एवं परिजनों को यह विशाल दुख सहन करने एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य गण जिसमें से डीएन सिंह,देवतादीन पांडे, रामश्रय द्विवेदी, रामनिश्चय, माधव मिश्र, केशव प्रसाद,भास्कर प्रसाद पांडे, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, नवीन कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार सिंह, सूरज, रामनिवास पांडे, राजेश कुमार सिंह, सूर्य प्रताप द्विवेदी, जागेश्वर प्रसाद सोनी, डॉक्टर प्रदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिन पानी सब सून, पीने का पानी दो किलोमीटर से लाने को विवश

# महीनों से बिगड़ा है जोरा ग्राम का हैंडपंप

जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत जोरा के वार्ड क्रमांक 2 के आवादी बाले मोहल्ला में विगत एक महीने से बिगड़ा है।

शहडोल।



कुछ माह पहले ही उक्त वार्ड में हैंडपंप का निर्माण किया गया इस निर्माण में तीस दिन नहीं बीते हैंडपंप बिगड़ गया ग्राम जोरा के वार्ड क्रमांक 2 के नागरिक ने केदार नाथ बैस द्वारा 181 हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज किया जिसका नंबर 25 36 63 94 में किये गये शिकायत के बाबजूद भी हैंड पंप की सुधार आज दिन तक नहीं हुआ वार्ड क्रमांक 2 के नागरिकों को पीने का पानी दो किलोमीटर दूर से पानी लाकर पीते हैं पशु को भी पानी लाला कर पिलाते हैं ग्राम पंचायत जोरा के वार्ड क्रमांक दो के समस्त नागरिकों ने संबंधित पीएचई विभाग के अधिकारियों से मांग की है की हैंडपंप की सुधार जल्द से जल्द कराया जाये।



## जिला प्राचार्य / प्रधानाचार्य जिला टोली बैठक सम्पन्न

बिरसिंहपुर पाली ।

सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में जिला प्राचार्य /प्रधानाचार्य जिला टोली की बैठक दिनांक 10 जनवरी को सम्पन्न हुई जिसमें विद्या भारती महाकोशल प्रांत के जनजाति शिक्षा प्रांत प्रमुख मान0 श्री देवेन्द्र चतुर्वेदी जी, विभाग समन्वयक शहडोल विभाग के मान0 श्री राम शिरोमणि शर्मा जी एवं उमरिया जिला के सह जिला सचिव मान0 श्री नंदलाल प्रजापति जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें शत प्रतिशत परीक्षा हेतु प्रयास, खिचड़ी समर्पण, पूर्व छात्र सम्मेलन, श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव हेतु तैयारी, सुभाष चंद्र बोस जयंती की रुपरेखा, विद्यारंभ संस्कार हेतु पंजीयन एवं सम्पर्क, विद्यालय विकास के अन्य विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ ।

# 18 साल से मुआवजे को भटक रहे भू स्वामी

## एक स्वर्ग सिधारे दूसरे हो गये अस्वस्थ

### जवाब देने से मुंह चुरा रहे लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल

रीवा !

सड़क निर्माण हो रेलवे लाइन का निर्माण हो या फिर कोई भी शासकीय निर्माण का कार्य के लिए भूअधिग्रहण करने का मामला हो। भू स्वामियों से जमीन अधिग्रहित करने के बाद भू अर्जन विभाग भू स्वामियों को चाय में गिरी मख्खी की तरह निकाल कर फेंक देते है। और फिर मुआवजे के लिए भू स्वामियों दर-दर भटने के लिए बेबस हो जाते है। उसके बावजूद भी शासन-प्रशासन के कान में जूं नही रेंगते आश्चर्य की बात तो यह है कि मा. न्यायालय का आदेश भी मानने को प्रशासनिक अमला तैयार नहीं होता। इस प्रकार की कोई एक घटना नहीं है ऐसी ही कई घटनाऐं है जिसमें अपनी जमीन खो चुके भू स्वामि कभी राजस्व अधिकारियों के कार्यालयों के सामने देखे जाते है तो कभी न्यायालय का चक्कर लगाते दिखाई दे जाते है। ऐसा ही एक मामला सन् 2005 से चला आ रहा है जिसमें अपनी डेढ़ एकड़ जमीन गंवाने वाले दो कास्तकारों में से एक कास्तगार मुआवजे की राशि देखे बिना स्वर्गलोग सिधार गये और दूसरे कास्तगार गंभीर बीमारी की चपेट में आ गये। इस मामले में जब उनके वंशज एसडीएम हुजूर





एवं लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल से संपर्क करना चाहते हैं तो दोनो ही जिम्मेदार अधिकारी अपना मुंह चुराते हुए भागते है यहां तक की मोबाइल से बात करने में भी हिम्मत नहीं जुटा पाते। जबकि मा. उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया है कि काश्तकारों को मुआवजा दिया जाये, उसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मा. उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। बाक्स मुआवजा मिला नहीं ओव्हरब्रिज से फर्राटा मार रहे वाहन मामला रीवा नगर पालिका क्षेत्र के रतहरा जेएनसीटी कॉलेज की समीप का है, जहां काश्तकार अवधेश कुमार पटेल ढ़ेकहा और विनोद कुमार पटेल गोलपार्क की आराजी नंबर 470, 471, 472 और 474 जमीन थी। जो राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होकर उक्त आराजी में ओव्हर ब्रिज का निर्माण करवाया गया है। मामला 2005 का है लेकिन अभी तक दोनो की भू स्वामियों को शासन प्रशासन द्वारा मुआवजे की राशि नहीं दी जबकि उसमें अब वाहन फर्राटे मारते हुए निकल रहे। बाक्स मा. उच्च न्यायालय के आदेश को राजस्व अधिकारी दिखा रहे ठेंगा काश्तकारों की अपील पर सुनवाई करते हुए मा. उच्च न्यायालय ने 22 सितबंर 22 को फैसला सुनाते हुए कहा कि 0.599 हेक्टयर भूमि का सन् 2010 की कीमत अनुसार धारा 23 (1ए), 23 (2) भूमि अधिग्रहण की धारा 1984 के तहत मुआवजा दिया जाये। उक्त आदेश मा. उच्च न्यायालय ने एसडीएम हुजूर को दी थी। एसडीएम हुजूर मा. उच्च न्यायालय के आदेश को अमल करने के बजाय उक्त आदेश को ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिये। हाईकोर्ट के आदेश पर काश्तकारों को यह खुशी हुई कि अब उनको अपनी खोई हुई जमीन की कीमत मिल जायेगी। लेकिन उनकी खुशी तक काफूर हो गई जब एसडीएम हुजूर कार्यालय का काश्तकार चक्कर लगाते रहे और पता चला कि एसडीएम ने हाईकोर्ट के आदेश को ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिया। इसी बीच मुआवजे की पैरवी कर रहे काश्तकार अवधेश कुमार पटेल निवासी ढेकहा स्वर्ग सिधार गये। वहीं दूसरी ओर पैरवी करने वाले काश्तकार विनोद कुमार पटेल को भी बीमारियों ने जकड़ लिया। बाक्स 7 माह बाद एसडीएम को आई सुध, कार्यपालन यंत्री को लिखा पत्र एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी को याद आया कि 22 सितंबर 22 को हाईकोर्ट का कोई आदेश उन्होंने ठंडे बस्ते में बांध कर रख दिया है। याद आने पर बस्ता खोला तो हाईकोर्ट से आदेश हुए 7 माह गुजर गये थे। उक्त आदेश का हवाला देते हुए एसडीएम हुजूर ने 10 अप्रैल 2023 को लोक निर्माण विभाग राष्टीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल को पत्र लिखते हुए हाईकोर्ट से हुए आदेश का हवाला दिया। कहा जाता है कि कार्यपालन यंत्री शंकरलाल ने एसडीएम हुजूर का पत्र पढ़ कर अपने डस्टबिन में डाल दिया। इस संबंध में जब कार्यपालन यंत्री शंकरलाल को उनके मोबाइल नंबर 7566004000 में संपर्क करना चाहा तो मोबाइल पर बात करना तो दूर मोबाइल को उठाना वह जरूरत नहीं समझे। आश्चर्य की बात तो यह है कि शासन ने ऐसे जिम्मेदारों के हाथों में प्रशासनिक चाबी सौंपी गई है जो जनता के लिए अपने लिए नौकरी कर रहे।

## गिद्ध प्रजातियों पर शोध कार्य करने वाले नीलेश कुमार मिश्रा को मिली पीएचडी उपाधि

ब.यौहारी।

विंध्य प्रदेश में विलुप्त होने वाली गिद्ध प्रजातियों पर शोध कार्य करने वाले नीलेश कुमार मिश्रा को मिली पीएचडी उपाधि। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा नीलेश कुमार मिश्रा को पीएचडी की उपाधि दी गई इन्होंने अपना शोध कार्य स्टडीज ऑन स्पीसीज आफ वल्चर इन विंध्या रीजन (विथ रेफरेंस टू एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटीज) पर किया इनको पीएचडी उपाधि प्राणिशास्त्र विषय पर प्रदान की गई। नीलेश कुमार मिश्रा ने अपना शोध कार्य निर्देशक टीआरएस कॉलेज के प्राणिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अमित तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया। नीलेश कुमार मिश्रा ने अपना आभार डॉ. कुमारी प्रतिभा चतुर्वेदी ( पूर्व प्राचार्या गुढ़) डॉ. संगीता चतुर्वेदी, डॉ. कल्पना त्रिपाठी, ने स्नेहिल आभार प्रकट किया। नीलेश कुमार मिश्रा की पीएचडी उपाधि पर पिता श्री रामसुंदर मिश्रा, माता स्व. लक्ष्मी देवी मिश्रा, भाई राकेश, राजेश, कमलेश, मुकेश, मिथलेश, अखिलेश, आशीष, अनिल एवम भाभियों एवम पूरे परिवार जनों ने खुशी जाहिर की। नीलेश कुमार मिश्रा की पीएचडी उपाधि पर इन लोगों ने दी बधाइयां डॉ. शालिनी कुंदेर , डॉ. आरती सक्सेना प्राचार्य मॉडल साइंस



कॉलेज, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. अमिताभ मिश्रा, डॉ. विनीता रानी कश्यप, डॉ. श्वेता तिवारी,और पीएचडी मित्र डॉ. राजू चतुर्वेदी, ललिता मिश्रा, संध्या सिंह आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सामाजिक कार्यकर्ता श्री दिव्यानंद जीतू पांडेय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की हमारे समाज में सभी युवाओं को ऐसे ही लगन से पढ़ाई करते हुए, नए कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए।



## युवा दिवस पर गार्गी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

रीवा

जिले के बीड़ा सेमरिया रोड में शार्कइन होटल के आगे डीसी मोड़ के पास स्थित गार्गी पब्लिक स्कूल मे शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आरम्भ होकर 10 बजे समाप्त हुआ। सूर्य नमस्कार के दौरान प्राचार्य श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में सदा स्वस्थ और बीमारियों से बचाव के लिए योग बहुत ही आवश्यक है। स्वास्थ्य के लिए लाभदायक योग अभ्यास जिसे हर व्यक्ति बिना किसी शुल्क के निशुल्क अपने घर पर प्रातः कर के निरोगी रह सकता है। छात्र-छात्राओं को विवेकानंद के जीवन के बारे में जानकारी देकर उनके पदचिह्नों पर चलते हुए उठो जागो और और तब तक भागो जब तक मंजिल न मिले की अपील की ! इस अवसर पर शिक्षक ने छात्राओं को विभीन्ना योग मुद्रा सिखा कर उनके लाभ बताएं योग शिक्षिका ने छात्राओं को सीधे प्रसारण के साथ स्वयं मंच पर आकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## रीवा पुलिस अधीक्षक ने आठ आरोपियों पर किया इनाम घोषित

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह द्वारा जिले के अलग-अलग वालों से फरार दर्जन भर आरोपियों की गिरफ्तारी पर इलाम घोषित किया गया है। फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने, सूचना देने तथा गिरफ्तारी में सहयोग करने पर एसपी द्वारा की गई घोषणा के अनुसार इनाम प्रदान किया जाएगा। एसपी द्वारा 8 आरोपियों पर 3-3 हजार रुपये का तथा 4 आरोपियों पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जिन आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है उनमें सौरभ साहू विश्वविद्यालय थाना, शिल्पा सिंह उर्फ शबी अजगरख, नेल कोल पिता बाबू कोल 17 साल मनकही थाना सगरा, सिदिल लाईन थाना में विजय खर्रा सारंगगढ जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ हाल पड़रा, सिटी कोतवाली थाना में शिवलाल कुशवाहा पिता ठाकुरदीन कुशवाहा लौरी थाना गढ़ हाल बाल न्यायालय के पास.

## बिजली चोरी एवं बकाया राशि नहीं जमा करने वालों के खिलाफ न्यायालयीन कार्यवाही

**मऊगंज ।** जिले में बिजली बिल नहीं जमा करने बाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद किये गए।मऊगंज सहायक कार्यपालन यंत्री कुंवर सिंह ने बताया कि बिल जमा किये बगैर अबैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर लगभग 33 उपभोक्ताओं के खिलाफ न्यायालय मऊगंज से वारंट जारी जिसकी तामीली पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है । बिजली चोरी के आरोप बिजली विभाग द्वारा मऊगंज न्यायालय में मामला पेश किया गया है जिसमे श्रीनाथ सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह ग्राम सगरा थाना लौर,दुर्गा पटेल पिता स्व. राम प्रगास पटेल ग्राम इटहा, थाना लौर,राजा सिंह पिता स्व.यदुनाथ सिंह ग्राम गड़हिरी पांती थाना हनुमना,तेजसी गुप्ता पति दीनदयाल गुप्ता ग्राम खटखरी थाना शाहपुर, संतोष साकेत पिता छोटेलाल साकेत ग्राम नकटी थाना शाहपुर,देवनन्दन सिंह पिता स्व.तेजराज सिंह ग्राम पांती निमौही थाना हनुमना,मनोज पाठक पिता बालमुकुंद पाठक ग्राम दामोदरगढ़ थाना मऊगंज,रामानुज पटेल पिता जगदीश पटेल ग्राम पटेहरा थाना मऊगंज, हँसहराज पाण्डेय पिता स्व.राममणि पाण्डेय ग्राम पकरा थाना मऊगंज,राजेन्द्र सिंह पिता दलबीर सिंह ग्राम फूल बजरंग सिंह थाना मऊगंज,गणेश प्रसाद

## कलेक्टर, एसपी के नाम पर जिला आबकारी कार्यालय में ठेकेदारों से वसूली जाती है चढ़ोतरी

### नाम दिया व्हीआईपी खर्च

रीवा !

जिला आबकारी कार्यालय लगभग एक साल से सुखियों में है। और सुर्खियों में आये भी क्यों न? जिला आबकारी कार्यालय की कमान ही ऐसे अधिकारी के हाथों में है जो जहां भी रहे अपने कारनामों से चर्चित रहे चाहे सिंगरौली का मामला हो या फिर कटनी का। रीवा में भी आते फर्जी बैंक गारंटी का गुल खिला ही दिये। रीवा आने के लिए आबकारी मुख्यालय ग्वालियर से लेकर राजधानी तक जो चढ़ोतरी चढ़ाई उसकी भरपाई शराब ठेकेदारों से की जा रही है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ ठेकेदारों का कहना है कि जिला आबकारी अधिकारी ने एक फंड बनाया है, जिसका नाम व्हीआईपी फंड रखा गया है। बताया कि उक्त फंड का इस्तेमाल कलेक्टर, एसपी




के साथ ही माननीयों पर खर्च किया जाता है। शराब ठेकेदार अब इस असमंजस में पड़े है कि कलेक्टर, एसपी की छवि तो एक नेक ईमानदार अधिकारियों के रूप में होती है तो फिर जिला आबकारी अधिकारी उन पर ये छींटे क्यों उछाल रहे हैं? ठेकेदार ने ये बताया कि छोटे समूह के ठेकेदारों का तो नहीं मालूम लेकिन जो बड़े समूह के ठेकेदार हैं उनसे 35-35 हजार रूपये महीने व्हीआईपी फंड के नाम पर जिला आबकारी अधिकारी अपने कोषाध्यक्ष के पास जमा करवाना शुरू कर दिये हैं जो कोषाध्यक्ष के मार्ग से उनके पास तक पहुंचता है। इस बात की पुष्टि दबी जुंबा से विभागीय सूत्र भी कर रहे है। यदि हम शराब ठेकेदार और विभागीय सूत्रों की बातों पर यकीन करें तो शायद आबकारी विभाग का यह सबसे बड़ा भ्रष्टाचार निकल कर सामने आयेगा। जिसमें नेक और ईमानदार अधिकारियों के नाम पर भी शराब ठेकेदारों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ठेकेदारों ने बताया कि अभी तक जिला आबकारी अधिकारी और सर्किल प्रभारियों का एक निर्धारित चढ़ावा चलता आ रहा था अब उस पर जिला आबकारी अधिकारी का हिटलरशाही शुरू हो गया।

## विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को दी उनके अधिकार व कानून की जानकारी

**मऊगंज।** विधिक सहायता समिति जिला मऊगंज के तत्वाधान में ऋषिराज कुलम विद्यालय मऊगंज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन माननीय अतिरिक्त जिला जज श्री आदेश जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर श्री राहुल नामदेव (मजिस्ट्रेट) ने बच्चों उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और शिक्षा के अतिरिक्त खेलकूद और संगीत में भी ध्यान देने के लिए कहा । श्री आशीष मिश्रा (मजिस्ट्रेट) ने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी। श्रीमती गीता ऊयके (मजिस्ट्रेट) मैडम ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। न्यायाधीश द्वय श्री युवराज दीक्षित (मजिस्ट्रेट) एवम श्री क्षितिज पवार (मजिस्ट्रेट) ने कानून की महत्ता से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर न्याय मित्र समाजसेवी रमेश कुमार पाण्डेय ने अपनी कविता ₹हम लाए है संविधान से कुछ सूत्र निकाल के ₹ का गायन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री जैन ने छात्र छात्राओं को शिक्षा ,संविधान और समानता पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया की न्यायालय और न्यायाधीश उनके मित्र है और बच्चों को कही भी अन्याय का डट कर मुकाबला करना चाहिए। शिक्षा से स्वयं, समाज व देश का विकास सुनिश्चित होता है। शिक्षा से व्यक्ति में जागृति उत्पन्न होती है, जिससे व्यक्ति सर्वांगीण विकास कर सकता हैं।

## खबर संक्षेप



### 22 को शिव मारूति मंदिर में मनाया जायेगा रामलला महोत्सव

**अनूपपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं धर्म प्रेमी आशीष त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या नगरी में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। 22 जनवरी को पूरे विधि-विधान के साथ रामलला विराजमान हो जाएंगे। इस दिन जिला मुख्यालय के सामतपुर स्थित मढ़फा तालाब स्थित शिव मारूति मंदिर में रामलला महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पश्चात रामलाल की अयोध्या नगरी में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिसमे हम सभी राम भक्तों का तन-मन-धन का सहयोग समस्त हिंदू जाति धर्म राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग प्रदान करने के पश्चात मंदिर निर्माण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं धर्म प्रेमी आशीष त्रिपाठी ने अनूपपुर निवासियों से अपील करते हुए निवेदन किया है कि 22 जनवरी को सभी श्रद्धालुजन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पांडव कालीन पांडवों द्वारा निर्मित मढ़फा तालाब के पास स्थित शिव मारूति मंदिर में रामलला के स्थापना महोत्सव मे शामिल हो। अयोध्या नगरी में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अनूपपुर के भी श्रद्धालु जन एवं भक्तगणों ने अपने समर्पण एवं बलिदान के माध्यम से राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के मार्ग को प्रशस्त किया है।

### सीबीआई ने रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में की छापेमारी



**अनूपपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद पैरामेडिकल कॉलेज की जांच के लिए सीबीआई की टीम ने जिले में शुक्रवार को रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में दबिश देते हुए दस्तावेजो को खंगाल। सीबीआई ने इससे पहले भी दो कॉलेज में छापा मारा था। लेकिन सीबीआई की टीम अभी इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी हैं। सीबीआई की टीम ने रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज भवन, शैक्षणिक स्टाफ, स्टूडेंट को क्लीनिकल सुविधा, लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब, प्रिंसिपल को 15 वर्ष का अनुभव, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर को 13 से 10 साल का अनुभव की जांच कर रही है। सीबीआई की टीम में शामिल लोग इस पूरे मामले कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**275 कॉलेज में से 75 में गड़बड़ी**- ऐसा माना जा रहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद पैरामेडिकल कॉलेज की जांच के लिए टीम पहुंची है, लेकिन सीबीआई की टीम अभी इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे रही हैं। बता दें कि मध्य प्रदेश के 275 कॉलेज में 75 कॉलेज में गड़बड़ी पाई गई थी। सीबीआई की टीम इन कॉलेजों की दस्तावेज खंगालने के लिए अनूपपुर पहुंची है। इसके पहले भी टीम जिले के अन्य कॉलेज में जांच करने के लिए आ चुकी है।

### अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**अनूपपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा 15 दिसम्बर 2023 से 08 जनवरी 2024 तक आकस्मिक क्षेत्र भ्रमण कर वाहनों की नियमित चेकिंग कर अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस अवधि में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण में खनिज रेत के 13 प्रकरण, बोल्डर के 05 प्रकरण एवं गिटटी के 07 प्रकरण कुल 25 प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार 10 लाख 450 रुपए अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया है। अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया जाकर प्रकरण निराकरण हेतु न्यायालय कलेक्टर अनूपपुर में प्रस्तुत किया गया है।

# सीनियर सिटीजन को नहीं बख्श रहा शाखा प्रबंधक

## दर्जनों बार चक्कर लगाने के बाद अपने खाते से निकलती राशि

### मप्र ग्रामीण बैंक मेडियारास में चरम पर भर्रेशाही

मप्र ग्रामीण बैंक मेड़ियारास का शाखा प्रबंधक उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार पर आमादा है। यहां तो खुद के बैंक एकाउंट से खुद के पैसे निकालने के लिए दर्जनों बार बैंक का चक्कर लगाना अनिवार्य है।

अनूपपुर।






यहां तक कि यहां छोटे मोटे काम के लिए पापड़ बेलने पड़ते हैं। जानकारी के अनुसार मेड़ियारास की बैंक उपभोक्ता 81 वर्षीय नान बाई पटेल की अचानक तबियत बिगड़ जाने पर इलाज के लिए खाते मे जमा पैसा निकालने अपने नाती सुखेन्द्र पटेल के साथ बैंक शाखा गई थी, लेकिन बैंक प्रबंधक ने यह कहते हुये खुद का पैसा देने से इंकार कर दिया गया कि बैंक मे पर्याप्त नगद राशि नही है। जबकि बीमारी से पीड़ति वृद्ध महिला को इलाज के लिए तत्काल पैसे की आवश्यकता थी, परंतु वृद्ध महिला की उम्र, उसकी बीमारी हालत की स्थिति पर भी प्रबंधक को तरस नही आया और बार बार वह बैंक के चक्कर लगवाता रहा।

### जिलाधीश से शिकायत के बाद प्रबंधक ने दिये रूपये

बार बार बैंक के चक्कर लगा लगाकर परेशान होकर वह आखिरकार कलेक्टर के पास फरियाद लेकर पहुंची जहां शिकायती पत्र देने के बाद बैंक मे पर्याप्त धनराशि न होने की बात कहने वाले बैंक प्रबंधक ने 1 लाख 10 हजार रुपए प्रदाय किया। इससे साफ जाहिर होता है कि बैंक प्रबंधक के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ मनमाने तरीके से दुर्व्यवहार कर उन्हे अकारण ही परेशान किया जाता है।

### पहले बताई कमी फिर निकाले रूपये

अचानक स्वास्थ्य असंतुलन के कारण वृद्ध महिला ने अपने इलाज के लिए बैंक का दरवाजा खटखटाई कि मेरे खाते मे जमा राशि को निकालकर मैं अपना अच्छा उपचार करवा लूं, लेकिन बैंक प्रबंधक के द्वारा लाचार महिला को बार-बार बैंक परेशान किया गया। अगर बैंक प्रबंधक के द्वारा एक बार शाखा मे जाने से राशि निकाल दिया गया होता तो ग्राहक को इतना परेशान नहीं होना पड़ता। फिर उस वृद्ध महिला को शाखा मे पर्याप्त राशि न होने व तरह तरह का नियम क्यों बताया गया जबकि उसी महिला को सीएम हेल्पलाइन मे शिकायत के बाद बिना पेन कार्ड अथवा पूर्व मे बताये गये नियमों के बिना ही 49500 रुपए निकाल दिये गये तब क्या नियम नही थे, यह बड़ा सवाल है।

### परिजनों ने लगाये प्रबंधक पर आरोप

जब उपभोक्ता के परिजनो के द्वारा बैंक में शाखा प्रबंधक को राशि न निकालने का नियम अथवा कारण पूछा तो शाखा प्रबंधक के द्वारा कोई नियम नहीं बताया गया। उक्त वृद्ध महिला को पैसे के लेन-देन में आनाकानी कर रहे प्रबंधक से उसके परिवारजनो ने बात किया तो उनके द्वारा बची हुई राशि 1 लाख 10 हजार रुपए निकालकर कर प्रदाय कर दी गई। परिवारजनो का कहना है कि 81 वर्ष की वृद्ध महिला को बार-बार परेशान करने की क्या जरूरत थी। परिजनों ने कहा कि शाखा प्रबंधक की उपभोक्ताओं को परेशान करने तथा उनसे दुर्व्यवहार की आदत हो गई है जिससे यहां के अधिकांश उपभोक्ता आहत हैं। इस संबंध मे जब शाखा प्रबंधक से दूरभाष के माध्यम से संपर्ककरने का प्रयास किया गया तो उन्होने फोन उठाना मुनासिब नही समझा।



## कोयला लोड करते समय ट्रक में दबने से मजदूर की मौत

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिसिया जांच जारी

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से लगे हुए शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत रामपुर-खांडा में संचालित कोयला खदान मे एक मजदूर की कोयला लोड करते समय अचानक ट्रक चलने से ट्रक के नीचे गिरने, दबने से गंभीर चोट आने पर स्थल से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाते समय मौत हो गई वहीं परिजनों ने अज्ञात व्यक्तियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है जिस पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। घटना के संबंध में प्रारंभिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत भोलगढ़ गांव निवासी 38 वर्षीय मनोहर पाव पिता स्व. रामचरण पाव प्रत्येक दिन की तरह गुरुवार की रात को शहडोल जिले की अमलाई थाना अंतर्गत रामपुर-खांडा में संचालित कोयला खदान में ट्रैकों में कोयला लोड करने के लिए मजदूरी का काम करने गया था तभी गुरुवार की रात 7-8 बजे के लगभग कोयला लोड करते समय ट्रक चालक के लापरवाही पूर्वक ट्रक आगे कर चलाने के कारण मजदूर मनोहर ट्रक से नीचे गिर गया जिससे ट्रक में कमर, पैर के हिस्से में दबने से गंभीर चोट आयी जिसे पास मे काम कर रहे लोगों द्वारा एंबुलेंस को फोन करके जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर के द्वारा किए गए परीक्षण में मृत होना पाए जाने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल पुलिस को घटना की जानकारी दी शुक्रवार की सुबह परिजनों द्वारा मनोहर पाव की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाना अनूपपुर में सूचना दी। इस दौरान जिला अस्पताल पुलिस के सहायक उप निरीक्षक हरपाल सिंह परस्ते ने मृतक के शव का डॉक्टर टीम से पीएम कराने बाद प्रारंभिक कार्यवाही करते हुए मृतक के शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर संबंधित थाना अमलाई को घटना की अग्रिम कार्रवाही हेतु डायरी प्रेषित की।

# बिना नियम के पालन के मंत्री के घर से वेयर हाउस के गोदाम में पहुंच रहा धान

### पूर्व मंत्री के बदल दिये गये धान उपार्जन के नियम, नहीं होती धान की जांच और तौल

अनूपपुर।





जिले में सामान्य किसान और पूर्व मंत्री के परिवार के लिए धान खरीदी के उपार्जन केंद्र में अलग से नियम बनाए गए हैं। जहां किसानों को नियम के पालन करने के लिए धान उपार्जन केंद्र में काफी कड़े नियमो से होके गुजरना पड़ता है वही पूर्व मंत्री के परिवार जनों के लिए नियम और कानून बदल दिए जाते है। जिले के पयारी में धान उपजन केंद्र में धान खरीदी के नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जंहा किसानो को उपार्जन केंद्र में आने के बाद टोकन पर्ची, के बाद वारदाना दिया जाता है वही मंत्री के घर में बोरियों को देकर धान मंगवाई जा रही है। बुधवार को शाम 4 बजे पयारी धान केंद्र में एक ट्रैक्टर से उपार्जन केंद्र स्थित गोदाम में धान से भारी बोरियों को रखा जा रहा था, अनिमितता की शिकायत पर ट्रैक्टर से उतारे जाने वाले धान पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। वही धन उपार्जन केंद्र में 2212 बोरी धान का अंतर पाया गया है। गोदाम देख रहे प्रभारी और ट्रैक्टर के मजदूरों द्वारा बताया गया कि पूर्व मंत्री के घर से यह धान सीधे लाकर गोदाम में रखी जा रही है जो कि धान उपार्जन खरीदी नियमों के विपरीत है।

### मंत्री और किसानों के लिए अलग-अलग नियम

सामान्य किसानों को धन उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के कड़े नियमों का पालन करना पड़ता है। जैसे की धान को उपार्जन केंद्र में लाने से पूर्व स्लाट बुक करना, उसके बाद धान उपार्जन केंद्र में लाकर बोरियों से झाला कर उपार्जन केंद्र से मिलने वाली जूट की बोरियों में भरा जाता है, इसके बाद सर्वेयर द्वारा धान की जांच कर धान की गुणवत्ता के आधार पर धन को वेरीफाई किया जाता है। इसके बाद उपार्जन केंद्र प्रभारी या प्रबंधन द्वारा धान को भरने के लिए वारदाना या बोरी प्रदान किया जाता है। इसके साथ अन्य कई नियमों और प्रक्रिया पूरी करने के बाद किसान धान बेच पाता है लेकिन पयारी केंद्र में पूर्व मंत्री के परिवार जनों के लिए यह नियम और कानून सिर्फ दिखावा है। नीले रंग की ट्रैक्टर में धान केंद्र के गोदाम में सीधी जमा की जा रही थी , जिसका विरोध करने पर कार्यवाही की गई है। वही ट्रैक्टर कार्यवाही के पहले ही अधिकारी के सामने उपार्जन केंद्र से ड्राइवर द्वारा लेकर भाग गया है। वही उपार्जन केंद्र में बिना सर्वेयर की उपस्थिति में धान की खरीदी की गई और धान बिना जांच के ही गोदाम में रख दी गई है।

### सच्चाई छिपाने का प्रयास

धान उपार्जन केंद्र के नियम अनुसार केंद्र में ही बोरियां दी जाती हैं और बारदाना में भरने के पूर्व धान की जांच और उसका वजन तोला जाता है, धान में नमी की जांच करवाई जाती है, लेकिन पूर्व मंत्री अनूपपुर के लिए धान उपार्जन केंद्र के नियम बिल्कुल विपरीत है। पूर्व मंत्री के आंगन से धान की बोरियों को उठाकर धर्म कांटा में तौल कर डायरेक्ट उपार्जन केंद्र के गोदाम में रखा जा रहा है। जो कि नियमों के विपरीत है। वहीं विभाग उक्त मामले में पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है जहां पंचनामा में पूर्व मंत्री के पुत्रों का नाम का जिक्र न कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। धान की कालाबाजारी की जानकारी मिलने पर कार्यवाही करने आए अधिकारियों द्वारा पंचनामा में उक्त मामलों का जिक्र नहीं किया गया है। इसके साथ किस किसन का धान उपार्जन केंद्र ट्रैक्टर से लाया गया इसका जिक्र नहीं किया गया है। वही बिना किसान की उपस्थिति के गोदाम में धान रखवाई गई है।

### पूर्व मंत्री के लिए बदले गए उपार्जन के नियम

धान उपार्जन समिति पयारी के प्रबंधक और उनके कर्मचारियों अधिकारियों के मिली भगत से ट्रैक्टर में बिना धान उपार्जन के नियमों के पालन किए बगैर ही धान डायरेक्ट उपार्जन केंद्र में जमा कराया जा रहा था जबकि नियम के अनुसार किसान रजिस्ट्रेशन का स्टॉल बुक करने के बाद किसान उपार्जन केंद्र में वरदाना लिया जाता है वही गाड़ी इंटर करने से पहले गेट पास और टोकन पर्ची भी दी जाती है लेकिन यह नियम मंत्रियों के लिए पयारी धान उपार्जन केंद्र में लागू नहीं हुए, वहीं इसके बाद किसानों को घंटों इंतजार करने के बाद बोरियां दी जाती हैं और धान को झाला कराया जाता है किंतु पूर्व मंत्री की धान होने के कारण उनके घर से धान आने पर ना तो उनके धान का झाला किया गया और ना ही धान की नमी की जांच की गई, वहीं अवैध तरीके से धान लाने वाले ट्रैक्टर को भी धान उपार्जन केंद्र से धान अनलोड करने के बाद भगा दिया गया, और पंचनामे में उक्त मामले का जिक्र भी नहीं किया गया।

### नियमों की विपरीत चल रही धान खरीदी

कलेक्टर ने भले ही कड़ाई से धान उपार्जन केंद्रों को नियमों का पालन करने का आदेश दिया लेकिन कलेक्टर के आदेश पर उपार्जन केंद्र अमल नहीं कर पा रहे हैं। अपने पूर्व मंत्री के मोह के लालच में उपजन केंद्र के द्वारा लगातार अनिमितता की जा रही हैं, और मंत्रियों के धान को बिना जांच के और नियम विपरीत खरीदा जा रहा है। वहीं वर्तमान स्थिति में जांच में पाया गया की 2212 बोरी की धान का अंतर खरीदी केंद्र में आया है जिसकी जांच की जा रही है। वहीं धान खरीदी केंद्र से सर्वेयर दिनभर गायब रहे, बिना सर्वेयर के ही केंद्र धान खरीदी कर रहे हैं, जिससे प्रशासन को बड़ी हानि खेलने पड़ सकती है।

# अतिक्रमण की चपेट में जिला मुख्यालय

## चौड़ी सड़के गलियों में तब्दील, आवागमन में हो रही दिक्कत





अनूपपुर।

जिला मुख्यालय का शहर होने के बावजूद अनूपपुर आज भी जिला सा नजर नहीं आता। पूरा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में अतिक्रमण कारियों की बाढ़ सी आ गई। नगर पालिका का अमला,राजस्व एवं यातायात विभाग सभी मौन धारण किए हुए हैं। जिससे अतिक्रमणकारियों को किसी तरह की चिंता नहीं। वह काम्पटीशन के चक्कर में अपनी-अपनी दुकाने सड़कों के दोनों तरफ आगे बढ़ा-बढ़ा कर लगा रहे हैं वहीं शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से तमाम दुकानों के सामने वाहनों का जखीरा लगा रहता है। यही नहीं अधिकांश बैंकों के सामने भी पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। जिससे बैंकों के सामने भी वाहनों का जखीरा लगा रहता है। आवारा घूमते पशु, सड़कों पर बैठे पशु आवागमन में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न करते हैं। बाहर से आने-जाने वालों की नजर में अनूपपुर अच्छा नहीं है। लोग अनूपपुर को कोसते हुए जाते हैं। जिले में योग्य युवा कलेक्टर होने के बावजूद भी लोगों को प्रशासनिक भय बिल्कुल नहीं है। पूरा नगर पालिका क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। सड़कों पर जगह-जगह सब्जी मंडी लग रही है। जबकि फुटकर एवं थोक सब्जी मंडी के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित है। उसके बावजूद भी प्रशासनिक कमजोरी के चलते लोग जगह-जगह सब्जी बेचते भी नजर आते हैं जबकि पूर्व में कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में सब्जी की दुकान निर्धारित स्थान में लगाने के निर्देश हुए थे, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो सका। नगर पालिका क्षेत्र में चारों तरफ सब्जी की दुकान सड़कों पर लगी मिल जाएगी। संबंधित विभाग का अभियान नहीं चलने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंदी पर हैं। पूर्व में नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह, स्नेहा मिश्रा एवं प्रभारी सीएमओ सुषमा मिश्रा ने अभियान चलाकर शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया था। जिसके चलते शहर की फिजा ही बदल गई थी लोगों को अनूपपुर शहर, शहर सा दिखने लगा था। ज्ञातव्य हो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर ज्योति सिंह ले पूरी तरह से राजनीति को तिलांजलि देते हुए बिना किसी भेदभाव के सभी के अतिक्रमण को नियमों के अनुसार हटाकर नगर के अंदर अपनी एक अलग साख बनाई थी, लेकिन उनके जाने के बाद भी दो मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा एवं प्रभारी सीएमओ सुषमा मिश्रा ने भी अतिक्रमण कारियों पर कार्यवाही कर शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया था, लेकिन उन सबके जाने के बाद फिर से शहर अतिक्रमणकारियों से पट गया। अब कोई देखने सुनने वाला नहीं। जबकि प्रदेश के कई शहरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आज भी जारी है। कलेक्टर से अपेक्षा है कि जिला मुख्यालय के शहर सहित पूरे जिले में अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावित कार्वाई करने के निर्देश जारी करें जिससे शहर अतिक्रमण से मुक्त हो सके।



### लोकसेवा आयोग की परीक्षा में पटना के प्रवेश का सहायक यंत्री के पद पर चयन

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग की राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 का परिणाम सोमवार को आया। इसमें अनुपपुर के पटना कला प्रवेश गौतम का चयन पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में सहायक यंत्री के पद पर हुआ है। प्रवेश के पिता तारकेश गौतम पेशे से सिविल इंजीनियर है एवं माता शीलू गौतम होम मेकर है, प्रवेश के चयन पर नाना सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मुरारीलाल पांडेय और नानी श्रीमती मीरा देवी पांडेय ने बताया कि चयनित होने पर पुरे परिवार में खुशी का माहौल है। प्रवेश वर्तमान में एनएचडीसी में कार्यपालन अभियन्ता के पद पर असम डिब्रूगढ़ में पदस्थ हैं। इस अवसर पर कन्हैया पांडेय, घनश्याम पांडेय, सीके शुक्ला, चैतन्य मिश्रा, विनोद विंधेश्वरी प्रसाद पांडेय, आरके शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय, राहुल पांडेय बंदना पांडेय, रामदरश, सुनील, देवेंद्र, शिवेंद्र, सुभाष, धर्मेंद्र, कैलाश शर्मा, गंभीर सिंह, केके सिंह आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## केन्द्रीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



अनूपपुर।

12 जनवरी कोकेन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में गरिमामय माहौल में मनाई गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत सूर्यनमस्कार, योगासन एवं ध्यान, परीक्षा पर चर्चा के तहत अनेक गतिविधियाँ जिसमे विद्यार्थियों के विचार, ड्राइंग एवं पेंटिंग कंपटीशन, अतिथि का साक्षात्कार, संगीत प्रतियोगिता, आदि कार्यक्रमों का आयोजन वृहद रूप से किया गया। प्रार्थना सभा के उपरांत सर्वप्रथम प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत प्रधानमंत्री के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से किस तरह विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं इस विषय पर कुमारी अनिका पांडे, शौर्य सिंह राठौड़, निष्ठा सिंह, दीपांजलि गुप्ता, मान्या त्रिपाठी एवं सानवी पांडे ने बताया कि जबसे उन्होंने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को देखा सुना सोचा और समझा तब से वे परीक्षा से भयभीत नहीं होते बल्कि उसे त्यौहार की तरह मानते हैं। एंकर एवं गेस्ट कार्यक्रम में कुमारी यशस्वी मिश्रा एवं कुमारी समृद्धि गुप्ता ने भाग लिया तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं परीक्षा के बारे में विचारों का आदान प्रदान किया विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार तथा ध्यान का अभ्यास किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये स्वामी को वेदांत दर्शन का पुरोधा पुरुष बताया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रेरक प्रसंगों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए विद्यार्थियों को शरीर बलिष्ठ, मन को एकाग्र तथा बुद्धि को तीक्ष्ण बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार से समर्थ युवा ही विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेंगे। श्री तिवारी ने विद्यार्थियों से शांति, अनुशासन समर्पण एवं लगन के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह हुए विद्यार्थियों से कहा कि इस तरह के सद्गुणों को धारण करके आचरण करने में ही स्वामी की जयंती मनाने की सार्थकता है।